मीटर टैक्सी के लिए हिंदुस्तान मोटर्स ने मिलाया बैंकों से हाथ

कोलकाता. हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड ने मीटरवाली बीएस-कांप्लिएंट अंबेसडर गाड़ियों की इजी फाइनेंसिंग के लिए कई प्रमुख बैंकों से हाथ मिलाया है. कंपनी को 2000 नॉन रिफ्यूज टैक्सियों की बिक्री में अच्छा मुनाफा मिलने की उम्मीद है. इन टैक्सियों के लिए राज्य सरकार ने परमिट जारी कर दिया है. नवंबर में अतिरिक्त दो हजार ऐसी टैक्सियों को परमिट मिलने की संभावना है. गौरतलब है कि ग्राहकों को सरल वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कंपनी के वित्तीय नियंत्रक दिव्येंदु चटर्जी व राष्ट्रीय विक्रय प्रमुख चंदन बोस ने यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआइ), इलाहाबाद बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक व बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की है. यूबीआइ की तरफ से हिंदुस्तान मोटर्स की 60 फीसदी गाड़ियों के लिए फाइनेंस किया गया है.